भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-5007

उत्तर देने की तारीख-23/03/2026

विद्यालयी पाठ्यक्रम में उष्णकटिबंधीय बीमारियां

†5007. **श्री अबू ताहेर खान:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार डेंगू, मलेरिया, स्वाइन फ्लू आदि जैसी उष्णकटिबंधीय बीमारियों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विद्यालयों के साथ महाविद्यालयों में स्वास्थ्य शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के प्रस्ताव पर कार्य कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के पैरा 4.24 में यह प्रावधान किया गया है कि "सभी स्तरों पर छात्रों में इन विभिन्न महत्वपूर्ण कौशल को विकसित करने के लिए प्रासंगिक चरणों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजाइन थिंकिंग, समग्र स्वास्थ्य, जैविक जीवन, पर्यावरण शिक्षा, वैश्विक नागरिकता शिक्षा (जीसीईडी) आदि जैसे समकालीन विषयों की शुरूआत सहित सामूहिक पाठ्यक्रम और शैक्षणिक पहल की जाएगी"।

एनईपी, 2020 के अनुरूप, स्वास्थ्य शिक्षा हमेशा से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा तैयार पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक रही है। स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा 2023 (एनसीएफ-एसई 2023) में मानव जाति के स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व की सिफारिश की गई है। एनसीएफ-एसई 2023 के अधिदेश को ध्यान में रखते हुए, एनसीईआरटी ने मध्य चरण (कक्षा 6 से 8) की विज्ञान पाठ्यपुस्तकें तैयार की हैं। डेंगू जैसे उष्णकटिबंधीय रोगों पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वास्थ्य शिक्षा को स्कूलों में पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के प्रस्ताव के संबंध में, एनसीईआरटी की विज्ञान पाठ्यपुस्तकों में स्वास्थ्य और बीमारियों के संबंध में बुनियादी जानकारी शामिल की गई है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने भारत के उच्चतर शिक्षण संस्थानों में शारीरिक फिटनेस, खेल, छात्रों के स्वास्थ्य, कल्याण, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। इसके अलावा, छात्र वैकल्पिक/क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रमों के रूप में सार्वजनिक स्वास्थ्य और उष्णकटिबंधीय रोगों पर मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम (वीएसी) पाठ्यक्रम ले

सकते हैं। युवा आकांक्षी व्यक्तियों के लिए सक्रिय अधिगम का वेब अध्ययन (स्वयं) पोर्टल के माध्यम से, सार्वजनिक स्वास्थ्य, उष्णकटिबंधीय रोगों और स्वास्थ्य संचार से संबंधित अनेक यूजीसी मान्यता प्राप्त (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेस) एमओओसी प्रस्तुत की जाती है, जो रोग की रोकथाम, उष्णकटिबंधीय स्वास्थ्य मामलों और प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य संचार के बारे में छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने में सहायता करती है।

*****